Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of underpass at Satoha on Konch-Ata railway line in Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदया, हमारे लोक सभा क्षेत्र में उत्तर मध्य रेलवे के झांसी डिविजन में कोच से एट तक एक शटल चलती है। उस रेलवे लाइन से सटा हुए एक गांव है, वहां 169सी अंडर ब्रीज बनाया जा रहा है। उस ब्रिज के बनाने के कारण पूरे गांव में पानी भरा हुआ है और वहां से कोई निकासी नहीं हो पा रही है। जहां यह ब्रिज बनाया जा रहा है, वहां वर्तमान में पानी भरा हुआ है। गांव के लोगों का निकलना दुभर हो गया है। अंडर ब्रिज गलत साइड से बनाया गया है। वहां स्वतंत्रता संग्राम देशराज की समाधि थी। वह ब्रिज उस समाधि के ऊपर से बनाया जा रहा है। किसानों की फसल को उससे नुकसान हो रहा है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो गलत अंडर ब्रिज बनाया जा रहा है, विशेष रूप से उसकी जांच की जाए। ठेकदार को जो सही साइड मिल रहा था, उस साइड से अगर रोड बनाई जाती तो गांवों से 300 मीटर पर एक नाला है जिससे गांव का सारा पानी उससे निकल सकता था। यह गलत साइड बनाने की वजह से गांवों को दिक्कत आ रही है, वहां के किसानों को दिक्कत आ रही है। इसकी जांच की जाए और किसी तरह से गांव से पानी निकालने की व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।